Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of dam in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana-laid.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): मैं जल शक्ति मंत्री का ध्यान अपनी लोकसभा क्षेत्र अम्बाला (हरियाणा) में सरस्वती के उद्गम स्थल आदिबद्री जिला यमुनानगर, हरियाणा की ओर दिलाना चाहता हूं । नासा के लिए गए चित्रों व वैज्ञानिकों की खोज से पता चलता है कि यह वह क्षेत्र है जहां पर 5 से 6 हजार साल पहले भारत की प्राचीन सभ्यता थी और मां सरस्वती इसी क्षेत्र से होकर बहती थी लेकिन वक्त के साथ आए परिवर्तनों के परिणामस्वरूप सरस्वती लुप्त हो गई है ।

हरियाणा की वर्तमान सरकार ने सरस्वती की पवित्र धारा को फिर से जमीन पर लाकर भारत की इस प्राचीन धरोहर को पुनर्जीवित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सरस्वती हेरिटेज बोर्ड का गठन किया है ।

वर्तमान जल शक्ति मंत्री भी आदिबद्री स्थल का दौरा कर चुके हैं, हरियाणा सरकार हिमाचल सरकार के साथ मिलकर इस स्थान पर एक डैम बनाने की योजना बना रही है जिसकी रूपरेखा सैंट्रल वाटर कमिशन कर रहा है ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उस पर बांध के निर्माण में केन्द्र अपनी भूमिका निभाएं एवम् हिमाचल व हरियाणा के अधिकारियों को इस विषय में दिशा निर्देश देने का कष्ट करें ।